बरेली, शुक्रवार
9 अक्टूबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO :III MIDDLE

एसआरएमएस–फिनएजीजी साझेदारी से प्रशिक्षण और रोजगार

बरेली: एसआरएमएस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी और फिनएजीजी टेक्नोलाजी ने बीएफएसआइ क्षेत्र में प्रशिक्षण व रोजगार के लिए साझेदारी की। 2027 में उत्तीर्ण होने वाले एमबीए-बीबीए के 80 विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। एक अक्टूबर को आनलाइन असेसमेंट, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार हुए। एमबीए के 19 विद्यार्थियों को पांच लाख और बीबीए के नौ को चार लाख रुपये वार्षिक सीटीसी के प्री-प्लेसमेंट आफर मिले। चयनित विद्यार्थियों का 500 घंटे का प्रशिक्षण अगले सप्ताह शुरू होगा। सफल प्रशिक्षण पर 15 लाख तक वार्षिक सीटीसी पर सुनिश्चित रोजगार का अवसर मिलेगा। (वि.)